दैनिक दावा



# नैक मूल्यांकन में नेहरू महाविद्यालय को मिला बी-प्लस ग्रेड के साथ प्रदेश में उच्च स्थान

डोंगरगढ़ (दावा)। महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन के द्वितीय चक्र में सीजीपीए 2.61 के साथ बी-प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने कहा है कि महाविद्यालय को बी-प्लस ग्रेड प्राप्त होना महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राओं, एलुमिनी एसोसिएशन, जनभागीदारी समिति एवं समस्त क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उक्त उपलब्धि के लिए उन्होंने महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान के उत्कृष्ट सहयोग एवं मार्गदर्शन में विगत 3 वर्षो में हुए विभिन्न निर्माण कार्य एवं छात्र-छात्राओं को प्राप्त हुई सुविधाओं हेतु आभार व्यक्त किया. उन्होने समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को नैक ग्रेडिंग में बी-प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर बधाई दी एवं भविष्य में महाविद्यालय विकास के लिए निरंतर अपना सहयोग इसी तरह देने प्रेरित किया।

महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान ने प्रेस से चर्चा में बताया कि महाविद्यालय को अच्छा ग्रेड प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, विधायक भुनेश्वर बघेल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विगत 3 वर्षो से महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की सुविधा एवं अधोसंरचना विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये गए.जिसमें पुराने महाविद्यालय के जीर्णोधार, स्टेडियम निर्माण, जीम निर्माण, रंगरोगन सहित नये महाविद्यालय भवन में सायकल स्टेण्ड निर्माण, कैंटिन निर्माण, सीसीटीवी कैमरे,वॉटर कुलर, बैंडमिंटन कोर्ट सहित अनेक सुविधाओं का विस्तार



किया. श्री नवाज ने महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं हेतु नये कोर्स उपलब्ध कराने के साथ सीट में वृद्धि की गई.अगले सत्र से बीए, एम.ए. योगा साइंस एवं खेलकूद की कक्षायें पुराने महाविद्यालय भवन में संचालित की जायेगी.उन्होने महाविद्यालय को बी-प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर समस्त अधिकारी-कर्मचारीगणों के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हे बधाई दी एवं उनके कार्यो की सराहना की.इस अवसर पर पत्रकार बंधु, महाविद्यालय के समस्त अधिकारी -कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ.ई.व्ही. रेवती ने किया।

## दो दिवसीय प्रवास पर पहुंची थी नैक टीम

विगत 25 एवं 26 अप्रैल को राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद बैंगलुरू के 3 सदस्यीय टीम महाविद्यालय पहुची और नैक मूल्यांकन के लिए कालेज परिसर की गतिविधियों की जानकारी ली. दो दिवसीय विजीट के लिए पहुंची नैक पियर टीम में चेयरपर्शन बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर सेन्ट्रल विश्वविद्यालय रायबरेली लखनऊ के कुलपति डॉ.नीलमणी प्रसाद वर्मा, मेम्बर कोआर्डिनेटर के रूप में जवाहर नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. यागाती चिन्नाराव एवं मेम्बर के रूप में शिवाजी साइंस कालेज अमरावती महाराष्ट्र के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकरे शामिल थे. महाविद्यालय परिसर में पहुचते महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत सत्कार के पश्चात सर्वप्रथम नैक पियर टीम ने महाविद्यालय के सांस्कृतिक मंच पर स्थित मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया एवं छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना की.

## सुविधाओं की सराहना की पीयर टीम ने

नैक पीयर टीम द्वारा समस्त विभागो में जाकर निरीक्षण किया. निरीक्षण में महाविद्यालय के ग्रंथालय, परिस्थिति की पाठशाला, कैंटिन, सायकल स्टेण्ड, आक्सिजन जोन, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, भौतिकीशास्त्र विभाग, रसायन विभाग, गणित विभाग, भूगोल विभाग का मुआयना कर उपलब्ध सुविधाओ को देखकर महाविद्यालय प्रशासन की सराहना की.

छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों की प्रस्तुति

शाम को महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित गीत, संगीत व नृत्य की प्रस्तुति दी गई, योगा साइंस के विद्यार्थियों के द्वारा योगा नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसकी नैक पियर टीम ने काफी सराहना की. निरीक्षण के दूसरे दिन नैक पियर टीम द्वारा महाविद्यालय की परिस्थिति की पाठशाला, आम्बेडकर सद्भावना कोष, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की कार्यप्रणाली की जानकारी ली साथ ही आईक्यूएससी के दस्तावेजो का परीक्षण किया.

## एग्जिट मीटिंग में प्रबंधन की सराहना

महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित एक्जिट मिटिंग में नैक पीयर टीम के सदस्यों ने महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं में आधुनिक उपकरण, खेल सुविधाओं का विस्तारीकरण, खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों की सहभागिता बढाने, एलुमिनी एसोसिएशन को मजबूत करने, ग्रामीण क्षेत्रो के विद्यार्थियों के लिए परिवहन की सुविधा हेतु बस संचालित करने, शोध कार्यो में बढोत्तरी करने एवं छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम उपलब्ध करने निर्देशित किया. साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को कुशल नेतृत्व प्रदान करने हेतु प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के कार्यो एवं मार्गदर्शन की प्रशंसा की. अंत में नैक पियर टीम द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट देकर महाविद्यालय को अच्छे अच्छा ग्रेड प्राप्त होने की शुभकामना दी.

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

5 May 2022

# नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ को मिला बी प्लस ग्रेड

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन में बी प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान ने बताया कि नैक मूल्यांकन के द्वितीय चक्र में सीजीपीए 2.61 के साथ बी-प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ, जो गौरव की बात है। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने बताया कि गत 25 एवं 26 अप्रैल को राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद बैंग्लुरू के 3 सदस्यीय टीम पहुंची थी। इस टीम ने नैक मूल्यांकन के लिए कालेज परिसर की गतिविधियों की जानकारी ली। दो दिवसीय विजीट के लिए पहुंची नैक पियर टीम में चेयरपर्सन बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर सेन्ट्रल विश्वविद्यालय रायबरेली के कुलपति डॉ.नीलमणी प्रसाद वर्मा, मेम्बर कोआर्डिनेटर जवाहर नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो डॉ. यागाती चिन्नाराव एवं मेम्बर शिवाजी साइंस कालेज अमरावती के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकरे उपस्थित थे। प्रथम दिन टीम के पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर, नैक प्रभारी बीआर सिवारे, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ.



ईव्ही रेवती ने स्वागत किया। एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढी गीत पर नृत्य करते हुए नैक पियर टीम का स्वागत किया। गया। महाविद्यालय मुख्य द्वार पर छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर नैक पियर टीम के सदस्यों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम नैक पियर टीम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। टीम के महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने पावर पाइंट प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने प्रस्तुतीकरण में अकादमिक गतिविधियों, इन्फ्रास्टक्चर, शोध कार्य, उपलब्धियां, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधि, उपलब्ध सुविधाओं को शामिल किया था।

तत्पश्चात नैक पियर टीम ने विभिन्न विभागों का पावर पाइंट प्रजेन्टेशन का अवलोकन किया। छात्र-छात्राओं से सुविधाओं, कमियों एवं जरूरतो पर चर्चा की। इस दौरान टीम ने ग्रंथालय, कैंटिन, सायकल स्टेण्ड, आक्सीजन जोन, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, भौतिक, रसायन, गणित, भूगोल विभाग का मुआयना किया। शाम को छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित गीत, संगीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। योगा साइंस के विद्यार्थियों ने योगा नृत्य प्रस्तुत किया। दूसरे दिन टीम ने महाविद्यालय की परिस्थिति पाठशाला, आम्बेडकर सदभावना कोष, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी ली। आईक्यूएससी के दस्तावेजो का परीक्षण किया। शाम को अधिकारी-कर्मचारियों की मिटिंग ली। टीम के सदस्य डॉ. ठाकरे ने नैक मूल्यांकन की महत्ता बताते हुए इसे एक व्यक्ति का कार्य न बताकर समस्त महाविद्यालय का कार्य बताया। कोआर्डिनेटर प्रो डॉ. यागाती चिन्नाराव ने अंग्रेजी का महत्व समझाते हुए छात्र-छात्राओं

### लगातार मेहनत का फल

बी ग्रेड मिलने के बाद पत्रकार वार्ता आयोजित की जानकारी दी गई। इस मौके पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि बीते 3 वर्षों में शैक्षणिक गतिविधियों, सुविधा एवं अधोसंरचना विकास के लिए जो काम किए गए उसका परिणाम मिला है। उन्होंने बताया कि नए भवन में सायकल स्टेण्ड, कैंटिन निर्माण, सीसीटीवी कैमरे,वॉटर कुलर लगाया गया। वहीं बैडमिंटन कोर्ट सहित अन्य का विस्तार किया गया।

में इसके उपयोग को बढ़ावा देने कहा। कुलपति डॉ. वर्मा ने प्रयोगशालाओ में आधुनिक उपकरण, खेल सुविधाओं का विस्तार, खेल में विद्यार्थियों की सहभागिता बढाने, एलुमिनी एसोसिएशन को मजबूत करने, परिवहन सुविधा, शोध बढ़ाने, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम उपलब्ध करने निर्देशित किया। नैक प्रभारी श्री सिवारे ने आभार प्रदर्शन किया। संचालन डॉ. रेवती ने किया। टीम के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 05 May 2022 - 15rajn2

# नैक मूल्यांकन में नेहरू कॉलेज को मिला बी-प्लस

नवभारत प्रतिनिधि ❖ डोंगरगढ़.
www.navbharat.org



महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन के द्वितीय चक्र में सीजीपीए 2.61 के साथ बी-प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने कहा है कि महाविद्यालय को बी-प्लस ग्रेड प्राप्त होना महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राओं, एलुमिनी एसोसिएशन, जनभागीदारी समिति एवं समस्त क्षेत्र के लिए गौरव की बात है. उक्त उपलब्धि के लिए उन्होने महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान के उत्कृष्ट सहयोग एवं मागदर्शन में विगत 3 वर्षों में हुए विभिन्न निर्माण कार्य एवं छात्र-छात्राओं को प्राप्त हुई सुविधाओं हेतु आभार व्यक्त किया.उन्होने समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को नैक ग्रेडिंग में बी-प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर बधाई दी एवं भविष्य में महाविद्यालय विकास के लिए निरंतर अपना सहयोग इसी तरह देने प्रेरित किया.

महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान ने प्रेस से चर्चा में बताया कि महाविद्यालय को अच्छा ग्रेड प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, विधायक भुनेश्वर बघेल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विगत 3 वर्षों से महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की सुविधा एवं अधोसंरचना विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये गए.जिसमें पुराने महाविद्यालय के जीर्णोधार, स्टेडियम निर्माण, जीम निर्माण, रंगरोगन सहित नये महाविद्यालय भवन में सायकल स्टेण्ड निर्माण, कैंटिन निर्माण, सीसीटीवी कैमरे,वॉटर कुलर, बैंडमिंटन कोर्ट सहित अनेक सुविधाओं का विस्तार किया. श्री नवाज ने महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं हेतु नये कोर्स उपलब्ध कराने के साथ सीट में वृद्धि की गई.अगले सत्र से बीए, एम.ए. योगा साइंस एवं खेलकूद की कक्षायें पुराने महाविद्यालय भवन में संचालित की जायेगी. इस अवसर पर पत्रकार बंधु, महाविद्यालय के समस्त अधिकारी -कमर्चारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ.ई.व्ही. रेवती ने किया

दो दिवसीय प्रवास पर पहुंची थी नैक टीम - विगत 25 एवं 26 अप्रैल को राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद बैग्लुरू के 3 सदस्यीय टीम महाविद्यालय पहुची और नैक मूल्यांकन के लिए कालेज परिसर की गतिविधियों की जानकारी ली. दो दिवसीय विजीट के लिए पहुंची नैक पियर टीम में चेयरपर्शन बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर सेन्ट्रल विश्वविद्यालय रायबरेली लखनऊ के कुलपति डॉ.नीलमणी प्रसाद वर्मा, मेम्बर कोआडिर्नेटर के रूप में जवाहर नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. यागाती चिन्नाराव एवं मेम्बर के रूप में शिवाजी साइंस कालेज अमरावती महाराष्ट्र के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकरे शामिल थे.

# नैक मूल्यांकन में शासकीय नेहरू महाविद्यालय को मिला बी-प्लस ग्रेड

**डोंगरगढ़ @ पत्रिका.** शासकीय नेहरू महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन में बी-प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ। महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान ने प्रेस वार्ता में बताया कि महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन के द्वितीय चक्र में सीजीपीए 2.61 के साथ बी-प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ। जो क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने जानकारी दी कि विगत 25 एवं 26 अप्रैल को राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद बैंग्लुरू के 3 सदस्यीय टीम पहुंची और नैक मूल्यांकन के लिए कालेज परिसर की गतिविधियों की जानकारी ली।

दो दिवसीय विजीट के लिए पहुंची नैक पियर टीम में चेयरपर्शन बाबा साहब भीमराव आंबेडकर सेन्ट्रल विश्वविद्यालय रायबरेली लखनऊ के कुलपति डॉ.नीलमणी प्रसाद वर्मा, मेम्बर कोआर्डिनेटर के रूप में जवाहर नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. यागाती चिन्नाराव एवं मेम्बर के रूप में शिवाजी साइंस कालेज अमरावती महाराष्ट्र के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकरे उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं ने उपलब्ध सुविधाओं तथा भविष्य में और अधिक सुविधाएं उपलब्ध करने के संबंध में अपने विचार नैक पियर टीम के समक्ष रखे। उसके बाद टीम द्वारा समस्त विभागो में जाकर निरीक्षण किया, निरीक्षण में महाविद्यालय के ग्रंथालय, परिस्थिति की पाठशाला, कैंटिन, सायकल स्टैंड, आक्सिजन जोन, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, भौतिकीशास्त्र विभाग, रसायन विभाग, गणित विभाग, भूगोल विभाग का मुआयना कर उपलब्ध सुविधाओ को देखकर महाविद्यालय प्रशासन की सराहना की।







Govt. Nehru P.G. College, Dongargarh, Distt.- Rajnan
EXIT MEETING
AAC PEER TEAM VISIT
2022
Prof. Vija
Shri Shivaji
Morshi Road, Am